Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding National Highway No.26 near Papadahandi in Nabarangpur Parliamentary Constituency, Odisha.

श्री रमेश चन्द्र माझी (नबरंगपुर): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया ।

महोदय, 5 दिसम्बर, 2017 में भारत सरकार के रोड ट्रांसपोर्ट और नेशनल हाईवेज़ डिपार्टमेंट ने गजट नोटिफिकेशन जारी किया था जिसमें ओडिशा के नबरंगपुर के दस रोड रायगढ़ के कुंदेई से शुरू होकर उमरकोट, डाबुगांव और पापड़ाहांडी तक नेशनल हाईवे बनाने के लिए था । अभी तक न तो ओडिशा का पीडब्ल्यूडी डिपार्टमेंट इसका काम कर रहा है और न ही नेशनल हाईवे डिपार्टमेंट इसको पूरा कर रहा है । इसलिए मेरा निवेदन है कि भारत सरकार का रोड ट्रांसपोर्ट और नेशनल हाईवेज़ डिपार्टमेंट के द्वारा जल्द से जल्द इस प्रोजेक्ट का काम शुरू किया जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री सप्तगिरी उलाका को श्री रमेश चन्द्र माझी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।